ई इंक डिस्प्ले का चमत्कार

ई इंक डिस्प्ले अपने न्यूनतम बिजली उपयोग तथा आँखों के अनुकूल सुविधाओं के साथ विविध अनुप्रयोगों के माध्यम से **दृश्य प्रौद्योगिकी** को बदल रहे हैं।

- ई इंक डिस्प्ले एक प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक पेपर डिस्प्ले तकनीक है जो कागज़ पर पारंपरिक स्याही की उपस्थिति की नकल करती है।
  - इसमें एक स्पष्ट तरल पदार्थ में निलंबित सकारात्मक रूप से आवेशित किये गए सफेद कणों और नकारात्मक रूप से आवेशित किये गए काले कणों से भरे लाखों **छोटे माइक्रोकैप्सूल का उपयोग** किया जाता है।
  - ई इंक, **ई-पेपर** छत्र के तहत एक विशेष तकनीक है, जिसे प्राय: ई-पेपर समझ लिया जाता है।



- बैकलाइट का उपयोग करने वाले [LCD और LED डिस्प्ले](#) के विपरीत, ई-इंक कागज़ की तरह प्रकाश को प्रतिबिंबित करता है, जिससे आँखों का तनाव कम होता है तथा इसके लिये न्यूनतम बिजली की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह केवल छवि परिवर्तन के दौरान ऊर्जा की खपत करता है।
- इसके अनुप्रयोगों में किंडल जैसे **ई-रीडर से लेकर स्मार्टफोन, बस स्टॉप डिस्प्ले, चलने की दिशा के संकेत एवं रेस्तरां मेनू बोर्ड में अभिनव उपयोग** तक शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-marvel-of-e-ink-displays